आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 01.03.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मसूरी में विभिन्न फसलों में हुई बढ़ोतरी के आंकड़े जारी किए। कहा–जल्द दो रिफॉर्म्स देखने को मिलेंगे।
- वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में पिछले वर्ष फरवरी की तुलना में इस वर्ष 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।
- केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि जल्द ही पिथौरागढ़ देहरादून की हवाई सेवा सुचारू कर दी जाएगी।
- **और,** होली पर्व को लेकर पूरे प्रदेशभर में जबरदस्त उत्साह, होली मिलन समारोह की धूम।

---------

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मसूरी में प्रेसवार्ता कर कृषि में क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और विभिन्न फसलों में हुई बढ़ोतरी के आंकड़े जारी किए। श्री चौहान ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा कृषि उद्योग को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है और उसके लिए कई सुधार किए गए हैं। आंकड़े जारी करते हुए उन्होंने बताया कि इस साल रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन हुआ है।कृषि मंत्री ने भरोसा दिलाया कि प्रदेश को हार्टिकल्चर के क्षेत्र में आगे बढ़ाएंगे और इसे हार्टिकल्चर का हब बनाया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि जल्द दो रिफॉर्म्स देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा भारत विस्तार करके एआई विकसित किया जा रहा है जिससे किसान को एक जगह पर ही सभी जानकारी उपलब्ध हो सके।

## वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में पिछले वर्ष फरवरी की तुलना में इस वर्ष कुल 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जीएसटी संग्रह इस वर्ष फरवरी में एक लाख 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक रहा। फरवरी 2025 में कुल जीएसटी संग्रह एक लाख 69 हजार करोड़ रुपये से अधिक था।

इस वर्ष फरवरी में केंद्रीय जीएसटी संग्रह 37 हजार 473 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी संग्रह 45 हजार 900 करोड़ रुपये रहा। एकीकृत आईजीएसटी संग्रह एक लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी काशीपुर नगर निगम परिसर में आयोजित रंगोत्सव होली मिलन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने पारंपरिक कुमाऊँनी होली, शास्त्रीय होली एवं भजन गायन के साथ जनसमूह के साथ होली गायन में प्रतिभाग किया। इस मौके पर श्री धामी ने कहा कि

हमारे पर्व और उत्सव केवल परंपराएँ नहीं हैं, ये हमारी पहचान हैं। यही हमें हमारी मिट्टी और हमारी संस्कृति से जोड़कर रखते हैं। इसी भावना से हमारी सरकार देवभूमि की इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और उसे नई पीढ़ी तक सुरक्षित पहुँचाने के लिए अपने "विकल्प रहित संकल्प" के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से युवा साथियों से आग्रह करते हुए कहा कि आधुनिकता के साथ आगे बढ़ते हुए अपनी जड़ों से जुड़ाव बनाए रखें।

## टिहरी स्वास्थ्य विभाग

टिहरी जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को घर–घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने नई पहल शुरू है। जिले के तीन विकासखंडों में मोबाइल हेल्थ वैन का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिससे दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी राहत मिलने की उम्मीद है। इन सचल चिकित्सा वाहनों के माध्यम से ग्रामीणों को उनके गांव और घर के समीप ही प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मोबाइल हेल्थ वैन में सामान्य रोगों की जांच, की व्यवस्था रहेगी। जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्याम विजय ने बताया कि ये सचल चिकित्सा वाहन जनपद के भिलंगना, थौलधार और देवप्रयाग विकासखंडों में संचालित किए जाएंगे।

## केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा

केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि जल्द ही पिथौरागढ़ देहरादून की हवाई सेवा सुचारू कर दी जाएगी। मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि पिथौरागढ़ से देहरादून के बीच हवाई सेवा को शीघ्र पुनः प्रारंभ करने के प्रयास तेज कर दिए

गए हैं। उन्होंने बताया कि सीमांत जनपद की कनेक्टिविटी सुदृढ़ करना केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है और इसके लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय के स्तर पर आवश्यक समन्वय किया जा रहा है।

## होली

होली पर्व को लेकर पूरे प्रदेशभर में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। नगर निगम पिथौरागढ़ में होली मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया। समारोह के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक कुमाऊँनी होली गीतों की मधुर प्रस्तुति दी और राग–रागिनियों पर जमकर नृत्य कर माहौल को उल्लासमय बना दिया। इस अवसर पर मेयर कल्पना देवलाल ने आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। समारोह का समापन सामूहिक होली गायन और रंगोत्सव के साथ हुआ। उधर बागेश्वर में जिला रेडक्रॉस समिति की ओर से होली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। होली मिलन समारोह में उत्सव और सेवा भावना का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में स्वयंसेवियों ने पारंपरिक होली गायन के साथ जमकर नृत्य किया और जरूरतमंदों के जीवन में खुशियां बिखेरने के अपने संकल्प को दोहराया।

## रुद्रप्रयाग

रुद्रप्रयाग में महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से प्राकृतिक और हर्बल रंगों का निर्माण किया जा रहा है। इन रंगों को तैयार कर जनपद मुख्यालय, आसपास के बाजारों और विकास भवन के माध्यम से बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे एक ओर जहां महिलाओं को स्वरोजगार का सशक्त माध्यम मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर रासायनिक रंगों से दूर रहने का संदेश भी दिया जा रहा है। रुद्रप्रयाग के जवाड़ी, कुमोली मायकोटी, मेदनपुर और ऊखीमठ क्षेत्र के गांवों में महिलाएं बड़े स्तर पर हर्बल रंग तैयार कर रही हैं, जिनकी बाजार में अच्छी मांग देखी जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वदेशी और प्राकृतिक रंगों का अधिक से अधिक उपयोग करें।

## दिव्य कला मेला

देहरादून में आयोजित दिव्य कला मेले का आज समापन हो गया है। दिव्य कला मेला 21 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित हुआ। मेले में बड़े पैमाने पर दिव्यांग जनों से संबंधित स्टाल लगाए गए थे। समापन समारोह में पहुंचे कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि इस तरह के मेलों से दिव्यांग जनों के भीतर छिपी कला को निखाने का मौका मिलता हैं, सरकार की कोशिश है कि इस तरह के मेले हर साल आयोजित हों ताकि दिव्यांग जनों की प्रतिभा को निखारने के मौका मिल सके।

**टिहरी**

टिहरी जिले में पयर्टन को बढ़ावा देने के लिए आगामी 6 से 9 मार्च के बीच टिहरी लेक फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने बताया कि आयोजन के लिए पंजीकरण करवाने वाले प्रतिभागियों को इन तिथियों में स्थानीय होटल और होमस्टे के किराए में 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी, जबकि वॉटर स्पोट्र्स एक्टिविटी में 25 प्रतिशत तक छूट मिलेगी, पयर्टन को बढ़ावा देने के लिए सभी हितधारकों ने स्वयं यह पहल की है। आयोजन के दौरान प्रतिभागी उत्तराखंड की संस्कृति और खान पान की विशिष्ट परंपरा से भी परिचित होंगे। इसके लिए जहां मास्टर शेफ प्रतियोगिता में स्थानीय व्यंजनों की प्रतियोगिता होगी, वही फैशन शो में भी प्रतिभागी स्थानीय पहनावे और गहनों में सजे नजर आएंगे। सबसे बड़ा आकर्षण 6 मार्च को कोटी कॉलोनी में पांडवाज बैंड और वीर भड़ माधो सिंह भंडारी की जीवनगाथा पर आधारित नाट्य प्रस्तुति की होगी। इसके अलावा विभिन्न तिथियों पर स्थानीय कलाकार भी प्रस्तुति देंगे।